भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4122

जिसका उत्तर 19.12.2024 को दिया जाना है

नए राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण

4122. श्री भोजराज नाग:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में राष्ट्रीय राजमार्गों पर बढ़ते परिवहन के कारण दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है और क्या सरकार की इसे रोकने के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों को चौड़ा करने और नए राजमार्ग बनाने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार की कांकेर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में केवटी-पंखजपुर पीवी 18 के रास्ते पेंडरी, महाराष्ट्र तक नए राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण करने की कोई योजना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर "भारत में सड़क दुर्घटनाओं" पर वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित करता है। वर्ष 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2018 से 2022 तक राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे सहित कुल सड़क दुर्घटनाओं की संख्या नीचे तालिका में दी गई है:-

वर्ष	सड़क दुर्घटनाओं की संख्या
2018	1,44,221
2019	1,41,057
2020*	1,19,615
2021*	1,28,825
2022	1,51,997

** - कोविड प्रभावित वर्ष*

राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास और रखरखाव एक सतत प्रक्रिया है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर कार्य, जिसमें उनकी क्षमता को चार/छह/आठ लेन के राष्ट्रीय राजमार्ग मानकों के अनुरूप बढ़ाना शामिल है, यातायात घनत्व, सड़कों की स्थिति, परस्पर प्राथमिकता और निधियों की उपलब्धता के आधार पर किया जाता है।

(ग) केन्द्र सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के पास ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****